गुजरात फॉरेस्ट रेंजर कॉलेज, राजपीपला, गुजरात के 2018-19 बैच के रेंज फॉरेस्ट आफिसर्स प्रशिक्षणार्थियों का आफरी भ्रमण (दिनांक 21.9.18)

गुजरात फॉरेस्ट रेंजर कॉलेज, राजपीपला, गुजरात के 2018-19 बैच के 34 रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर प्रशिक्षणार्थियों के दल ने सहायक वन संरक्षक , श्री नीलेश पाण्ड्या के नेतृत्व में दिनांक 21.9.18 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) का भ्रमण किया । इस दल में 5 राज्यों (छतीसगढ़ , मध्य-प्रदेश, नागालेंड, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र) से आए प्रशिक्षणार्थी शामिल थे। सर्वप्रथम दल ने संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केंद्र का भ्रमण किया जहां सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ. बिलास सिंह ने विस्तार एवं निर्वचन केंद्र में प्रदर्शित पोस्टर्स के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान द्वारा विकसित विभिन्न तकनीकों एवं अनुसंधान उपलब्धियों से अवगत कराया । साथ ही वहाँ प्रदर्शित विभिन्न प्रकार के वन उत्पादों , बीजों, मृदा एवं वनस्पति आदि का भी अवलोकन प्रशिक्षणार्थियों ने किया। इसके बाद संस्थान निदेशक डॉ. आई. डी. आर्य ने दल का स्वागत करते हुए पावर पोइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से संस्थान के विभिन्न प्रभागों द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं एवं शोध गतिविधियों के बारे में दल को जानकारी दी। निदेशक डॉ. आई. डी. आर्य , वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सरिता आर्य , प्रभागाध्यक्ष सुविधाएं एवं सेवा, श्री बी. आर. जाट एवं सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ. बिलास सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों से वन प्रबंधन एवं संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श भी किया। भ्रमण कार्यक्रम में श्रीमती मीता सिंह तोमर, तकनीशियन का सहयोग रहा ।

SAND DUNE STABILIZATION THROUGH SURFACE VEGETATION

SAND DUNE STABILIZATION THROUGH SURFACE VEGETATION

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद